# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक 4346 / कार्य - 65 / 32 दिनांक– 12.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 11.08.2026 में प्रकाशित " डीघ के केवटाही में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः ग्रामीणों को नहीं मिल रहा 'हर घर नल–हर घर जल' का लाभ" होने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 11.08.2026 में प्रकाशित " डीघ के केवटाही में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः ग्रामीणों को नहीं मिल रहा 'हर घर नल–हर घर जल' का लाभ' होने के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड – डीघ, स्थित केवटाही पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध मे सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत जनपद में प्रत्येक ग्रामवासी को शुद्व जलापूर्ति कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा अगरत 2019 में जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत की गयी थी, जिसके अन्तर्गत जनपद में फेज।। के अन्तर्गत चयनित एजेन्सी वेलस्पन इण्टर प्राइजेज द्वारा ग्राम पंचायत केवटाही (सम्मिलित राजस्व ग्राम गोलखरा, कुढ़वा उपरवार, फुलवरिया उपरवार, केवटाही) में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजना में प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 31.52 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 872 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शिरोपरि जलाशय का कार्य 25 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 27.27 कि0मी0, 423 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है, तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज, ज्ञानपुर, भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता